आईआईएम में समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट का समापन

रायपुर. भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर द्वारा पीजीपी 2020-22 क्लास के लिए आयोजित समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट कार्यक्रम का समापन किया गया. कैंपस भर्ती प्रक्रिया में 262 छात्रों के अलावा 50 नए नियोक्ताओं सहित 120 से अधिक नियोक्ताओं ने भाग लिया. छात्रों को बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेस और इंश्योरेंस, स्ट्रेटेजी और कंसल्टिंग सेक्टर, मेन्युफेक्चरिंग सेक्टर, आईटी-आईटीईएस सेक्टर और एफएमसीजी सेक्टर में विभिन्न प्रतिष्ठित भूमिकाएं प्रदान की गईं. संस्थान में ऑनलाइन समर प्लेसमेंट के साथ एकीकृत वर्चुअल इकोसिस्टम का सफल प्रयास एक ऐतिहासिक उपलब्धि रही. संस्थान ने संचालन के अपने ग्यारहवें वर्ष में अपने नियमित भर्तीकर्ताओं जैसे ड्रेज ग्रुप, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज, गूगल, जिओ, क्रिएटिव लैब्स, एम्फेसिस, उड़ान की वापसी देखी.

Navbharat, 27th February 2021, p.04 (Rajdhani).jpg